**शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या–10083/नौ–5–2021–172सा/2019 दिनांक 25.08.2021 द्वारा स्वच्छ भारत मिशन–नगरीय के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन मद के अन्तर्गत, कार्यकारी निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन–नगरीय की अध्यक्षता में गठित राज्य स्तरीय ठोस अपशिष्ट प्रबंधन तकनीकी समिति की बैठक दिनांक 03.11.2021 का कार्यवृत्तः–**

**<u>उपस्थितिः–बैठक की उपस्थिति संलग्न।</u>**

## 1. लिगेसी वेस्ट का निस्तारण

सर्वप्रथम बैठक में अपर निदेशक, आर0सी0यू0ई0एस0 द्वारा समिति के समक्ष यह अवगत कराया गया कि एस0एच0पी0एस0सी0 की गत बैठक में यह निर्देश दिये गये थे कि प्रदेश के 20 नगर पालिका परिषदों में डी0पी0आर0 की वेटिंग एवं हैण्ड–होल्डिंग की जाए। निकायों में लिगेसी वेस्ट के निस्तारण के विषयगत समुचित तकनीकी दक्षता उपलब्ध न होने के कारण उनके द्वारा तैयार की गयी विस्तृत कार्ययोजना में निहित लिगेसी वेस्ट की मात्रा का आंकलन सी0पी0सी0बी0 द्वारा जारो दिशा–निर्देशों के क्रम में कन्टूर मैपिंग एवं द्रोन सर्वे के माध्यम से आर0सी0यू0ई0एस0 द्वारा कराते हुए निकायों को तकनीकी सहायता प्रदान की गयी। अग्रेतर निकायों द्वारा विस्तृत कार्ययोजना तैयार करते हुए तकनीकी परीक्षण कराये जाने का अनुरोध किया गया। तत्क्रम में 20 नगर निकायों की डी0पी0आर0 की वेटिंग का कार्य आर0सी0यू0ई0एस0 लखनऊ द्वारा पूर्ण कर लिया गया है। समस्त डी0पी0आर0, सी0पी0एच0ई0ई0ओ0 मैनुअल में वर्णित मानकों के आधार पर तैयार की गयी है तथा निकायों में लिगेसी वेस्ट की गणना हेतु कन्टूर लेवल सर्वे के आधार पर आकलन करते हुए लिगेसी वेस्ट की मात्रा निर्धारित की गयी है। निकायों में उपलब्ध लिगेसी वेस्ट का ट्रीटमेन्ट बायो–रेमेडिएशन विधि से किया जायेगा। बैठक में समिति के समक्ष लिगेसी वेस्ट के उपचार की प्रक्रिया को विस्तृत रूप से अवगत कराया गया एवं डी0पी0आर0 में उपलब्ध कम्पोनेंट का अवलोकन भी किया गया।

उपरोक्त के अतिरिक्त नगर निगम–झाँसी एवं नगर निगम फिरोजाबाद में विद्यमान लिगेसी वेस्ट के निस्तारण हेतु की जानी वाली कार्यवाही के अन्तर्गत संबंधित नगर निगम द्वारा डी0पी0आर0 तैयार कर मिशन निदेशालय को प्रस्तुत की गयी थी। इन परियोजनाओं की वेटिंग का कार्य आर0सी0यू0ई0एस0 लखनऊ द्वारा पूर्ण कर लिया गया है।

20 नगर पालिकाओं की डी0पी0आर0 के साथ–साथ समिति द्वारा 02 नगर निगमों की डी0पी0आर0 की भी संस्तुति करते हुए अग्रेतर स्वच्छ भारत मिशन–नगरीय हेतु गठित राज्य स्तरीय

उच्चाधिकार संचालन समिति क समक्ष अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये गये। विवरण निम्नवत् है–

**(टेबल–1)**

| S.No | District | ULB | No of Dumpsites | After survey | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Legacy Waste (in MT) | Est. Remediation Cost (Crore) |
| 1 | Rampur | Rampur (NPP) | 2 | 163823.00 | 8.86 |
| 2 | Bahraich | Bahraich (NPP) | 1 | 30139.00 | 2.15 |
| 3 | Muzaffarnagar | Muzaffarnagar (NPP) | 1 | 224655.00 | 11.84 |
| 4 | Mainpuri | Mainpuri (NPP) | 1 | 173342.80 | 9.29 |
| 5 | Unnao | Unnao (NPP) | 1 | 42532.00 | 2.91 |
| 6 | Amroha | Amroha (NPP) | 1 | 49061.10 | 3.60 |
| 7 | Hathras | Hathras (NPP) | 1 | 77184.00 | 5.12 |
| 8 | Sambhal | Sambhal (NPP) | 1 | 49061.10 | 3.12 |
| 9 | Budaun | Budaun (NPP) | 1 | 46246.80 | 3.07 |
| 10 | Ballia | Ballia (NPP) | 1 | 337714.50 | 16.49 |
| 11 | Mirzapur | Mirzapur(NPP) | 3 | 8803.60 | 0.96 |
| 12 | Lalitpur | Lalitpur(NPP) | 1 | 51738.80 | 3.25 |
| 13 | Etwah | Etwah(NPP) | 1 | 81314.00 | 4.43 |
| 14 | Hapur | Hapur (NPP) | 1 | 85171.00 | 4.75 |
| 15 | Raebareilly | Raebareilly (NPP) | 1 | 62770.00 | 3.75 |
| 16 | Etah | Etah (NPP) | 1 | 88725.70 | 4.61 |
| 17 | Kannauj | Kannauj (NPP) | 1 | 33384.50 | 2.42 |
| 18 | Fatehpur | Fatehpur (NPP) | 1 | 41205.00 | 2.78 |
| 19 | Sitapur | Sitapur (NPP) | 1 | 20882.00 | 1.63 |
| 20 | Pilibhit | Pilibhit (NPP) | 1 | 38645.00 | 2.63 |
| 21 | Jhansi | Jhansi(M.Corp) | 2 | 326028.00 | 17.15 |
| 22 | Firozabad | Firozabad(M.Corp) | 1 | 188518.00 | 11.13 |
| **Total** | | | | **2220944.90** | **125.94** |

उपरोक्तानुसार तालिका में नगर पालिका परिषद बलिया में आगणित लिगेसी वेस्ट की मात्रा 337714.50 मीट्रिक टन की पुष्टि हेतु आरसीयूईएस, लखनऊ से श्री ए0के0 गुप्ता, अपर निदेशक तथा मिशन निदेशालय से श्री एस0डी0 सिंह, एस0डब्लू0एम0 विशेषज्ञ द्वारा स्थल का निरीक्षण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

समिति को अवगत कराया गया कि पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रख्यापित सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट रूल्स–2016 (प्रति संलग्न) में वर्णित प्राविधानों के अनुसार निकायों में विद्यमान सर्म्पूण लिगेसी वेस्ट का निस्तारण किया जाना अनिवार्य है। जिसके संदर्भ में केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा लिगेसी वेस्ट की बायो–माईनिंग/बायो–रेमिडेएशन हेतु दिशा निर्देश जारी किये गये है (प्रति संलग्न)। मा0 एन0जी0टी0 में प्रचलित ओ0ए0 संख्या–606/2018 के अन्तर्गत पारित विभिन्न आदेशों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम–2016 के अनुपालन विषयक निर्देश जारी किये जाते रहे है। जिसमें की लिगेसी वेस्ट का निस्तारण एक मुख्य बिन्दु है एवं प्रतिमाह पेनाल्टी का प्राविधान है। साथ ही निकायों के गार्बेज फ्री सिटी, स्टार रेटिंग हेतु भी यह आवश्यक है कि लिगेसी वेस्ट का समुचित निस्तारण किया जाना सुनिश्चित हो। तद्नुसार प्रदेश की विभिन्न नगरीय निकायों में लिगेसी वेस्ट की मात्रा का आगणन कन्टूर सर्वे तथा द्रोन मैपिंग के माध्यम से कराते हुए निकायों द्वारा विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गयी है एवं इसका वित्त–पोषण स्वच्छ भारत मिशन–नगरीय ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन मद से किया जाना प्रस्तावित हैं। सम्पूर्ण प्रक्रिया के विभिन्न चरण व तथ्य निम्नवत् हैः–

क) उपरोक्त कार्य को किये जाने हेतु मानकीकृत निविदा प्रपत्र तैयार कराते हुए निकायों द्वारा अपने स्तर से डिसेन्टलाईज मोड में निविदा प्रक्रिया पूर्ण करायी जायेगी। उक्त निविदा का कार्य नगर निगमों के संबंध में नगर निगम द्वारा स्वयं किया जायेगा तथा नगर पालिका परिषद के संबंध में निविदा की कार्यवाही सी0एण्डडी0एस0 उ0प्र0 जल निगम द्वारा सम्पादित की जायेगी। निकायों द्वारा जारी की गयी निविदाओं के क्रम में प्राप्त निविदाओं के तकनीकी मूल्यांकन एवं Pre-Bid Queries के एकीकृत प्रति–उत्तर तैयार करने हेतु आर0सी0यू0ई0एस को निविदा मूल्यांकन समिति का सदस्य बनाया जाना प्रस्तावित है।

ख) लिगेसी वेस्ट के निस्तारण हेतु न्यूनतम निविदा दाता के चयन का आधार प्रति टन वेस्ट प्रोसेसिंग पर आने वाला व्यय होगा। जिसमे डम्प साईट पूर्णतयः क्लियर करने पर आने वाला व्यय सम्मिलित होगा।

ग) अग्रेतर प्राईमरी सर्वे डाटा के सापेक्ष प्रति माह कराये जाने वाले कायो की पुष्टि हेतु प्रत्येक माह कन्टूर मैपिंग एवं द्रोन सर्वे के माध्यम से लिगेसी वेस्ट की मात्रा में आयी कमी का आगलन करते हुए निर्धारित की गयी प्रति टन प्रोसेसिंग फीस के अनुसार मासिक भुगतान सुनिश्चित किया जायेगा।

घ) निविदा इत्यादि की प्रक्रिया के पश्चात न्यूनतम निविदादाता, नगरीय निकाय एवं सी0एण्डडी0एस0, उ0प्र0 जल निगम के मध्य त्रिपक्षीय अनुबन्ध प्रत्येक निकाय हेतु निष्पादित किया

जायेगा एवं प्रोजेक्ट मैनेजमेन्ट कन्सलटेन्ट के रूप में आर0सी0यू0ई0एस0 लखनऊ को नामित किया जाना प्रस्तावित है।

ड़) सुचारू रूप से कार्य सम्पादित किये जाने यह आवश्यक है कि किये जाने वाले कार्य की पुष्टि के उपरान्त मासिक भुगतान हेतु Escrow Account खोला जायेगा जिसमे कि लिगेसी वेस्ट की मात्रा के आधार पर आने वाले सम्भावित व्यय की धनराशि जमा की जायेगी।

उपरोक्तानुसार समिति द्वारा समस्त बिन्दुओं पर संस्तुति प्रदान करते हुए यह निर्देश दिये गये कि राज्य स्तरीय उच्चाधिकार संचालन समिति के समक्ष तद्नुसार उक्त कार्ययोजना की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव प्रेषित किया जाए।

## 2. सी0एण्डडी0 वेस्ट प्रसंस्करण प्लांट

समिति के समक्ष एस0एच0पी0एस0सी0 दशम् बैठक दिनांक 21.10.2021 में सी0एण्डडी0 वेस्ट के प्लाट के अधिष्ठापन के संबंध में समिति द्वारा इन परियोजनाओं के डी0पी0आर0 को पुनरीक्षित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके कम में आर0सी0यू0ई0एस0 लखनऊ द्वारा इन डी0पी0आर0 का पुनः अवलोकन किया गया।

बैठक में अपर निदेशक आर0सी0यू0ई0एस0 द्वारा यह अवगत कराया गया कि सी0एण्डडी0 वेस्ट का आकलन करने के लिए सी0पी0एच0ई0ई0ओ0 मैनअल तथा बी0एम0आर0टी0सी0 द्वारा निर्गत गाईडलाइन तथा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी सी0एण्डडी0 वेस्ट मैनेजमेन्ट रूल्स के दृष्टिगत निकायों में जनित हाने वाले सी0एण्डडी0 वेस्ट की मात्रा का आकलन किया गया है। सामान्यतः सी0पी0एच0ई0ई0ओ0 मैनुअल के अनुसार निकाय में जनित होने वाले कुल अपशिष्ट का लगभग 10 से 15 प्रतिशत, सी0एण्डडी0 वेस्ट की मात्रा की गणना की जाती है। उपरोक्त के आधार पर नगर निगम, कानपुर में 200 मीट्रिक टन, नगर निगम, अलीगढ़, नगर निगम, मेरठ, नगर निगम, मुरादाबाद में 100 मीट्रिक टन, नगर निगम, गोरखपुर, मथुरा–वृन्दावन, फिरोजाबाद तथा झासी में 50 मीट्रिक टन तथा नगर निगम, अयोध्या में 20 मीट्रिक टन के सी0एण्डडी0 वेस्ट प्रस्तावित किये गये है। जिसका विवरण निम्नवत् है–

**(टेबल–2)**

| S.N. | Name of the ULB | Population | Proposed C & D Waste Plant Capacity(TPD) | Required Area (in acres) | Total Cost Estimated ( in INR Cr.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Kanpur (M Corp.) | 2776000 | 200 | 5 | 7.95 |
| 2 | Aligarh (M Corp.) | 1027000 | 100 | 3.5 | 5.51 |
| 3 | Meerut (M Corp.) | 1305430 | 100 | 3.5 | 5.51 |
| 4 | Moradabad (M Corp.) | 1100000 | 100 | 3.5 | 5.51 |
| 5 | Gorakhpur (M Corp.) | 673446 | 50 | 2.5 | 2.65 |
| 6 | Mathura (M Corp.) | 626808 | 50 | 2.5 | 2.65 |
| 7 | Firozabad (M Corp.) | 604214 | 50 | 2.5 | 2.39 |
| 8 | Jhansi (M Corp.) | 600000 | 50 | 2.5 | 2.39 |
| 9 | Ayodhya (M Corp.) | 221118 | 20 | 1.5 | 1.91 |
| | **Total** | **8934016** | **720** | **27** | **36.47** |

पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रख्यापित निर्माण एवं विध्वंश अपशिष्ट नियम–2016 (प्रति संलग्न) में वर्णित प्राविधानों के कम में निकाय में निर्माण एवं अन्य विकास कार्यों के अन्तर्गत जनित होने वाले निर्माण एवं विध्वंश अपशिष्ट का समुचित निस्तारण आवश्यक है। नेशनल किटिकली एयर पोल्यूटेड टाउन्स में केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा यह निर्देशित है कि वायु प्रदूषण को कम करने हेतु शहरों में जनित होने वाले सी0एण्डडी0 वेस्ट के प्रसंस्करण की सुविधा विद्यमान होना आवश्यक है। जिसका अनुश्रवण उ0प्र0 प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं सी0पी0सी0बी0 (केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड) द्वारा पूर्ण रूप से पर्यारण विभाग के माध्यम से निरन्तर किया जाता है। अतः यह आवश्यक है कि ऐसी निकाय जहाँ न्यूनतम 20 टन से अधिक सी0एण्डडी0 वेस्ट जनित होता है वहाँ इसके प्रसंस्करण की सुविधा विकसित की जानी चाहिये।

समिति को यह अवगत कराया गया कि सी0एण्डडी0 वेस्ट के समुचित निस्तारण की प्रक्रिया में निकायों में विभिन्न स्थानो पर कलेक्शन सेन्टर बनाते हुए जगह–जगह पर सी0एण्डडी0 वेस्ट को एकत्र किया जाता है तथा सभी कलेक्शन सेन्टर से वेस्ट कलेक्ट करते हुए सी0एण्ड0डी0 वेस्ट के निस्तारण हेतु स्थापित इकाई पर पहुचाया जाता है। जहाँ मिश्रित सी0एण्डडी0 वेस्ट से विभिन्न मटेरियल को अलग–अलग कर लिया जाता है तथा इनके पुनः उपयोग हेतु विभिन्न उत्पादों को बनाया जाता है। जिनका उपयोग अग्रेतर निकाय में ही कराये जा रहे विकास कार्यो के अन्तर्गत किया जा सकता है

जैसे कि इन्टरलाकिंग टाईल पार्को में स्थापित किये जाने वाले बेन्चे प्री–कास्ट बाउन्डरी वाल पैनल इत्यादि।

उपरोक्तानुसार 09 नगरीय निकायों सी0एण्डडी0 वेस्ट के प्लांट की स्थापना हेतु निकायों द्वारा विस्तृत कार्ययोजना तैयार करते हुए उसका तकनीकी परीक्षण आर0सी0यू0ई0एस0 द्वारा किया जा चुका है जिसका वित्त–पोषण स्वच्छ भारत मिशन–नगरीय के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन मद से किया जाना प्रस्तावित है। सम्पूर्ण प्रक्रिया के विभिन्न चरण व तथ्य निम्नवत् हैः–

क) सी0एण्डडी0 वेस्ट की स्थापना हेतु मानकीकृत निविदा प्रपत्र तैयार कराते हुए निकायों द्वारा अपने स्तर से डिसेन्टलाईज मोड में निविदा प्रकिया पूर्ण करायी जायेगी। निकायों द्वारा जारी की गयी निविदाओं के कम में प्राप्त निविदाओं के तकनीकी मूल्यांकन एवं Pre-Bid Queries के एकीकृत प्रति–उत्तर तैयार करने हेतु आर0सी0यू0ई0एस को निविदा मूल्यांकन समिति का सदस्य बनाया जाना प्रस्तावित है।

ख) सी0एण्डडी0 वेस्ट की स्थापना हेतु न्यूनतम निविदा दाता के चयन का आधार पति टन वेस्ट प्रोसेसिंग पर आने वाला व्यय होगा जिसे निकायों द्वारा अपनी निकाय निधि से वहन किया जायेगा। सी0एण्डडी0 वेस्ट की स्थापना हेतु आवश्यक सिविल कन्स्ट्रक्शन एवं मशीनरी पर आने वाले व्यय का वित्त–पोषण स्वच्छ भारत मिशन–नगरीय के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन मद से किया जायेगा।

ग) सी0एण्डडी0 वेस्ट प्लांट के संचालन हेतु न्यूनतम निविदादाता द्वारा ही निकाय में विभिन्न स्थानों पर सी0एण्डडी0 वेस्ट के कलेक्शन सेन्टर की स्थापना की जायेगी।

घ) सी0एण्डडी0 वेस्ट प्लांट के संचालन हेतु न्यूनतम निविदादाता एवं निकाय के मध्य 11 वर्ष की अवधि हेतु अनुबन्ध निष्पादित किया जायेगा जिसका भुगतान मासिक रूप से किये गये कुल सी0एण्डडी0 वेस्ट की मात्रा के आधार पर होगा। प्रोजेक्ट मैनेजमेन्ट कन्सलटेन्ट के रूप में आर0सी0यू0ई0एस0 लखनऊ को नामित किया जाना प्रस्तावित है।

समिति द्वारा उपरोक्तानुसार संबंधित नगर निगमों में सो0एण्डडी0 के प्लांट की लागत का संस्तुति करते हुए मुख्य सचिव महोदय की अध्यक्षता में गठित एस0एच0पी0एस0सी0 समिति के समक्ष अनुमादेन हेतु प्रस्तुत किये जाने का निर्णय लिया गया।

## 3. प्लास्टिक से फ्यूल प्लांट

एस0एच0पी0एस0सी0 की बैठक में प्लास्टिक से फ्यूल प्लांट के अधिष्ठापन हेतु 05 प्लांट लखनऊ, गाजियाबाद, वाराणसी, गोरखपुर तथा झाँसी में प्रस्तावित किये गये थे। इन परियोजनाओं का परीक्षण आर0सी0यू0ई0एस0 द्वारा पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेन्ट रूल्स तथा सी0पी0एच0ई0ई0ओ0 मैनुअल के अनुसार किया गया है तथा सभी नगरों मे 05 मीट्रिक टन कैपसिटी के प्लास्टिक से फ्यूल बनाये जाने का पस्ताव तैयार किये गये थे। प्रस्तावों के पुनः अवलोकन के पश्चात यह निर्णय लिया गया कि अभी पाइलेट के आधार पर नगर निगम, वाराणसी में 01 मीट्रिक टन की क्षमता के प्लास्टिक से फ्यूल बनाये जाने वाले प्लांट को स्थापित किया जाए।

समिति को यह अवगत कराया गया कि पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रखापित अपशिष्ट प्लास्टिक नियम–2016 (प्रति संलग्न) यथा–संसोधित–2018 में वर्णित प्राविधानों के क्रम में निकायों में जनित होने वाले अपशिष्ट प्लास्टिक का समुचित निस्तारण किया जाना है। मा0 राष्ट्रीय हरित अभिकरण द्वारा भी ओ0ए0 संख्या–247/2017 में प्रचलित वाद के क्रम में पारित विभिन्न आदेशों के अनुपालन हेतु निकायों द्वारा प्लास्टिक वेस्ट का समुचित निस्तारण किय जाने का निर्देश दिया गया है। स्वच्छ भारत मिशन–नगरीय के अन्तर्गत प्रदेश की समस्त नगरीय निकायों में मटेरियल रिकवरी फैसेलिटि हेतु वित्त–पोषण किया गया है। वर्तमान में प्रदेश की 02 नगरीय निकायों यथा नगर निगम प्रयागराज में 02 टन प्रतिदिन की क्षमता का प्लास्टिक वेस्ट टू फ्यूल प्लांट संचालित है तथा नगर निगम मथुरा–वृन्दावन में 06 टन प्रतिदिन की क्षमता का प्लांट स्थापित है। उक्त प्रस्तावित कार्ययोजना नगर निगम प्रयागराज में स्थापित प्लास्टिक वेस्ट टू फ्यूल प्लांट की पद्वति पर तैयार की गयी है तथा उसमे निहित मानकों का सन्दर्भ सी0पी0एच0इ0ई0ओ0 मैनुअल से लिया गया है। प्लास्टिक वेस्ट टू फ्यूल बनाये जाने की Technology पायरोलिसिस/थर्मोकेटेलिक डी–पॉलीमराइजेशन पर आधारित रखते हुए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करायी गयी है जिसका तकनीक परीक्षण आर0सी0यू0ई0एस0 द्वारा तैयार करा लिया गया है। सम्पूर्ण पक्रिया के विभिन्न चरण व तथ्य निम्नवत् हैः–

क) प्लास्टिक वेस्ट टू फ्यूल प्लांट की स्थापना हेतु मानकीकृत निविदा प्रपत्र तैयार कराते हुए नगर निगम वाराणसी द्वारा अपने स्तर से डिसेन्टलाईज मोड में निविदा प्रक्रिया पूर्ण करायी जायेगी। निकाय द्वारा जारी की गयी निविदा के क्रम में प्राप्त निविदा के तकनीकी मूल्यांकन एवं Pre-Bid Queries के

प्रति–उत्तर तैयार करने हेतु आ0सी0यू0ई0एस को निविदा मूल्यांकन समिति का सदस्य बनाया जाना प्रस्तावित है।

ख) प्लास्टिक वेस्ट टू फ्यूल प्लांट की स्थापना हेतु न्यूनतम निविदा दाता के चयन का आधार सम्पूर्ण प्लांट के अधिष्ठापन में आने वाली न्यूनतम लागत होगा। प्लांट के संचालन एवं रख–रखाव हेतु प्रारम्भिक तौर पर निकाय एवं न्यूनतम निविदादाता के मध्य 07 वर्षो की अवधि हेतु अनुबन्ध निष्पादित किया जायेगा जिसे अग्रेतर 04 वर्षो तक बढ़ाया जा सकता है।

ग) प्लांट का समुचित संचालन एवं रख–रखाव सुनिश्चित करने हेतु प्रोजेक्ट मैनेजमेन्ट कन्सलटेन्ट के रूप में आर0सी0यू0ई0एस0 को नामित किया जाना चाहिये जोकि समय–समय पर न केवल प्लांट के संचालन एवं रख–रखाव संबंधी गतिविधियों को सुनिश्चित करेगा बल्कि प्लास्टिक से फ्यूल बनाये जाने की प्रक्रिया पूर्ण की जा रही है को भी सुनिश्चित करेगा।

उपरोक्तानुसार नगर निगम वाराणसी के लिये 01 मीट्रिक टन की क्षमता के प्लास्टिक वेस्ट टू फ्यूल प्लांट की स्थापना प्रयोग के तौर पर कराये जाने हेतु समुचित प्रस्ताव आगामी राज्य स्तरीय उच्चाधिकार संचालन समिति में स्वीकृत हतु प्रस्तुत किये जाने का निर्णय लिया गया है।

**4. मोबाईल एफ0एस0एस0एम0 ऑन साईट डि–वॉटरिंग वाहन**

एस0एच0पी0एस0सी0 की गत बैठक में 08 नगरों में मोबाईल एफ0एस0एस0एम0 ऑन साईट डि–वॉटरिंग वाहनों की आपूर्ति के संबंध में प्रस्ताव के औचित्य का परीक्षण के पश्चात प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये थे। जिसके क्रम में विस्तृत कार्ययोजना तैयार करते हुए आर0सी0यू0ई0एस0 द्वारा तकनीकी रूप से परीक्षण के पश्चात्, समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। साथ ही अवगत कराया गया कि 08 नगर निगमों में आंशिक सीवरेज है तथा अधिकांश भवना में सीवर व्यवस्था से कनेक्शन न होने के कारण सैप्टिक टैक का निर्माण कराया गया है।

अतः इस प्रकार के भवनों में सैप्टिक टैको से निकलने वाले सेप्टेज के ट्रीटमेन्ट के लिए प्रयोग के तौर पर एक–एक वाहन क्रय किये जाने का प्रस्ताव है। इसके अन्तर्गत प्रत्येक नगर निगम को एक–एक मोबाईल एफ0एस0एस0एम0 ऑन साईट डि–वॉटरिंग वाहन, जिसमें फीकल स्लज एवं लिक्विड को अलग–अलग किया जायेगा। समिति द्वारा इन प्रस्तातिव 8 नगर निगमों के लिए 08 वाहन क्रय किये जाने हेतु Capital Cost के साथ–साथ दो साल के रख–रखाव एवं संचालन के व्यय के अनुसार संस्तुति प्रदान करते हुए आगामी उच्चाधिकार बैठक में प्रस्तुत किये जाने का निर्णय लिया गया। विवरण निम्नवत् है–

**(टेबल–3)**

| S.N. | Name of the ULB | Population | No. of FSSM Vehicle | Unit Cost (in INR Cr.) | Total Cost for Machinery & Vehicle (in INR Cr.) | O&M for 2 years @ Rs.25000 / Shift (12HH per shift) | Grand Total (in INR Cr.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Lucknow (M Corp.) | 2817105 | 1 | 4.6 | 4.60 | 1.80 | 6.4 |
| 2 | Ghaziabad (M Corp.) | 1643000 | 1 | 4.6 | 4.60 | 1.80 | 6.4 |
| 3 | Agra (M Corp.) | 1576138 | 1 | 4.6 | 4.60 | 1.80 | 6.4 |
| 4 | Varanasi (M Corp.) | 1201198 | 1 | 4.6 | 4.60 | 1.80 | 6.4 |
| 5 | Prayagraj (M Corp.) | 1142718 | 1 | 4.6 | 4.60 | 1.80 | 6.4 |
| 6 | Gorakhpur (M Corp.) | 672072 | 1 | 4.6 | 4.60 | 1.80 | 6.4 |
| 7 | Jhansi (M Corp.) | 505693 | 1 | 4.6 | 4.60 | 1.80 | 6.4 |
| 8 | Ayodhya (M Corp.) | 221330 | 1 | 4.6 | 4.60 | 1.80 | 6.4 |
| | Total | | | 36.8 | 36.80 | 14.40 | 51.20 |

मोबाईल एफ0एस0एस0एम0 ऑन साईट डि–वॉटरिंग वाहनों की आपूर्ति हेतु प्रत्येक निकाय द्वारा विस्तृत कार्ययोजना तैयार करायी गयी है जिसका तकनीक परीक्षण आर0सी0यू0ई0एस0 द्वारा कर लिया गया है। सम्पूर्ण प्रकिया के विभिन्न चरण व तथ्य निम्नवत् हैः–

क) मोबाईल एफ0एस0एस0एम0 ऑन साईट डि–वॉटरिंग वाहनों की आपूर्ति हेतु मानकीकृत निविदा प्रपत्र तैयार कराते हुए नगर निगमों द्वारा अपने स्तर से डिसेन्टलाईज मोड में निविदा प्रक्रिया पूर्ण करायी जायेगी। निकाय द्वारा जारी की गयी निविदाओं के कम में प्राप्त निविदाओं के तकनीकी मूल्यांकन एवं Pre-Bid Queries के एकीकृत प्रति–उत्तर तैयार करने हेतु आ0सी0यू0ई0एस को निविदा मूल्यांकन समिति का सदस्य बनाया जाना प्रस्तावित है।

ख) उक्त वाहनों की आपूर्ति हेतु न्यूनतम निविदादाता के चयन का आधार वाहन की लागत तथा प्रति हाउस होल्ड सेप्टिक टैंक को खाली करने में सम्मिलित रूप से आने वाले न्यूनतम व्यय की लागत होगा।

ग) न्यूनतम निविदादाता द्वारा ही संबंधित निकाय में सर्वे कराये जाने के पश्चात सेप्टिक टैंक को खाली करने का एक Schedule तैयार करते हुए नियत समयावधि में सेप्टिक टैंक को खाली करने का कार्य कराया जायेगा।

घ) उक्त वाहनों की आपूर्ति में होने वाले व्यय के साथ–साथ 02 वर्षो तक कार्य कराये जाने पर आने वाले व्यय का वित्त–पोषण स्वच्छ भारत मिशन–नगरीय के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन मद से किया जायेगा।

समिति द्वारा इन प्रस्तातिव 8 नगर निगमों के लिए 08 वाहन क्रय किये जाने हेतु Capital Cost के साथ–साथ दो साल के रख–रखाव एवं संचालन के व्यय के अनुसार संस्तुति प्रदान करते हुए आगामी राज्य स्तरीय उच्चाधिकार संचालन समिति में स्वीकृत हेतु प्रस्तुत किये जाने का निर्णय लिया गया है।

## 5. नगर निगम, झांसी के लिये ठोस अपशिष्ट प्रोसेसिंग प्लांट

नगर निगम, झांसी के लिये ठोस अपशिष्ट प्रोसेसिंग प्लांट का डी0पी0आर0 सी0एण्डडी0एस0, उ0प्र0, जल निगम द्वारा तैयार किया गया है तथा उक्त का पुनरीक्षण क्षेत्रीय नगर एवं पर्यावरण अध्ययन केन्द्र (आर0सी0यू0ई0एस0) द्वारा किया गया है। उक्त प्लांट की क्षमता 320 टी0पी0डी0 तथा अनुमानित लागत रू0 2422.88 लाख है। उक्त प्रोसेसिंग प्लांट के संबंध में एस0एच0पी0एस0सी0 प्रस्तावित बैठक दिनांक 10.11.2021 में प्रस्तुत किये जाने का निर्णय लिया गया।

## 2. ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाईयों की स्थापना (सिविल निर्माण कार्य) हेतु प्राप्त निविदाओं की स्वीकृति के संबंध में।

शासनादेश संख्या–2533/नौ–5–20–72सा/2019, दिनांक 17.08.2020 द्वारा सी0एण्डडी0एस0, उ0प्र0 जल निगम को ठोस अपशिष्ट के कार्यो हेतु कार्यदायी संस्था नामित किया गया है। जिसके क्रम में 13 नगरीय निकायों की ई–प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल के माध्यम से निविदायें आमंत्रित की गयी तथा यह निविदायें निदेशक के पत्र संख्या–612G.M.(N-8/कार्य–10/97, दिनांक 30.10.2021 के माध्यम से कार्यालय ज्ञाप संख्या–10083/ नौ–5–2021–172सा/2019 दिनांक 25.08.2021 द्वारा स्वच्छ भारत मिशन–नगरीय के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन मद के अन्तर्गत, कार्यकारी निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन–नगरीय की अध्यक्षता में गठित राज्य स्तरीय ठोस अपशिष्ट प्रबंधन तकनीकी समिति के समक्ष आज प्रस्तुत की गयी जिनका विवरण निम्नवत् हैः–

(1) <u>ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन योजना, 50 टी0पी0डी0, खुर्जा नगर पालिका परिषद, जनपद बुलन्दशहर</u>

समिति को अवगत कराया गया कि योजना की तकनीकी स्वीकृति लागत रू0 503.80 लाख एवं निविदा लागत रू0 398.76 लाख है। योजना हेतु परियोजना प्रबन्धक यूनिट–31, सी0 एण्ड डी0एस0, उ0प्र0 जल निगम (नगरीय), गाजियाबाद की निविदा विज्ञप्ति स0–1759/विविध–12/90 दिनांक 09.11.2020 द्वारा आमंत्रित निविदा की तकनीकी बिड दिनॉक 12.12.2020 को खोली गई। तकनीकी बिड के मूल्यांकन हेतु दिनांक 29.12.2020 को सी0एण्डडी0एस0 निविदा समिति की बैठक में समस्त पांच प्रतिभागी निविदादाताओं की निविदा तकनीकी रूप से अर्ह पाये जाने के उपरान्त नियमानुसार कार्यवाही के उपरान्त अर्ह निविदाताओं की फाइनैन्सियल बिड दिनांक 04.01.2021 को खोली गई। जिसमें प्राप्त दरों का विवरण निम्नानुसार हैः–

| क्र0 सं0 | फर्म का नाम | निविदा की निर्धारित लागत (रू0 लाख में) | निविदादाताओं द्वारा दी गई प्रतिशत में दी गई दरें | निविदा की निविदित लागत (रू0 लाख में) | बिड रैंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मैसर्स साहब राम कन्सट्रक्शन कम्पनी 53 ए पाकेट डी एस0एफ0एस0 फ्लेट मयूर विहार फेज–III दिल्ली। | 398.76 | (-) 23.26% | 306.01 | L-1 |
| 2. | मैसर्स नोवैक इन्फ्राटैक, 231–ए, सुजरू, मुजफ्फरनगर। | 398.76 | (-) 17.01% | 330.93 | L-2 |
| 3. | मैसर्स मोडर्न कन्सट्रक्शन कं0, डी0–587 गली नं0 13, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद। | 398.76 | (-) 15.22% | 338.07 | L-3 |
| 4. | मैसर्स सतेन्द्र पाल शर्मा, 1/518 ए सुरेन्द्र नगर अलीगढ़। | 398.76 | (-) 14.24% | 341.98 | L-4 |
| 5. | मैसर्स पुण्ड्रीकाक्ष डेवलपर्स् प्रा0लि0, ए–5, आक्रिती अपार्टमेन्ट, 37 सलेक चन्द कालोनी, न्यू गांधी नगर, गाजियाबाद। | 398.76 | (-) 4.50% | 380.82 | L-5 |

जनपद बुलन्दशहर के नगर पालिका परिषद, खुर्जा में 50 टी0पी0डी0 के म्यूनिसिपल सॉलिड वेस्ट प्लान्ट (सिविल कार्य) के निर्माण कार्य हेतु **मैसर्स साहब राम कन्सट्रक्शन कम्पनी,** 53 ए पाकेट डी एस0एफ0एस0 फ्लेट मयूर विहार फेज–III दिल्ली द्वारा निविदित लागत से (-)23.26 प्रतिशत कम दरें डाली गयी है, अर्थात कुल निविदा रू0 306.01 लाख (लेबर सैस सहित एवं जी0एस0टी रहित) सूचित की गयी है। अतः **मैसर्स साहब राम कन्सट्रक्शन कम्पनी,** 53 ए पाकेट डी एस0एफ0एस0 फ्लेट मयूर विहार फेज–III दिल्ली की दरें प्रथम न्यूनतम पायी गयी है।

प्रस्तुत तथ्यों पर सम्यक विचारोपरान्त प्रश्नगत कार्य हेतु प्रथम न्यूनतम निविदादाता **मैसर्स साहब राम कन्स्ट्रक्शन कम्पनी,** 53 ए पाकेट डी एस0एफ0एस0 फ्लेट मयूर विहार फेज–III दिल्ली द्वारा दी गयी दर (-) 23.26 प्रतिशत अर्थात् निविदित लागत रू0 306.01 लाख (लेबर सैस सहित एवं जी0एस0टी रहित) का प्रस्ताव की समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी।

## (2) ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन योजना, 50 टी0पी0डी0, सिकन्दराबाद नगर पालिका परिषद, जनपद बुलन्दशहर

समिति को अवगत कराया गया कि योजना की तकनीकी स्वीकृति लागत रू0 503.80 लाख एवं निविदा लागत रू0 398.76 लाख है। योजना हेतु परियोजना प्रबन्धक यूनिट–31, सी0 एण्ड डी0एस0, उ0प्र0 जल निगम (नगरीय), गाजियाबाद की निविदा विज्ञप्ति सं0–1760/विविध–12/91 दिनांक 09.11.2020 द्वारा आमंत्रित निविदा की तकनीकी बिड दिनॉक 12.12.2020 को खोली गईं। तकनीकी बिड के मूल्यांकन हेतु दिनांक 29.12.2020 को सी0एण्ड डी0एस0 निविदा समिति की बैठक में निविदा में प्राप्त आठ में से पांच प्रतिभागी निविदादाताओं की निविदा तकनीकी रूप से अर्ह पाये जाने के उपरान्त नियमानुसार कार्यवाही के उपरान्त अर्ह निविदाताओं की फाइनैन्सियल बिड दिनांक 01.01.2021 को खोली गई। जिसमें प्राप्त दरों का विवरण निम्नानुसार है:–

| क्र0 सं0 | फर्म का नाम | निविदा की निर्धारित लागत (रू0 लाख में) | निविदादाताओं द्वारा दी गई प्रतिशत में दी गई दरें | निविदा की निविदित लागत (रू0 लाख में) | बिड रैंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मैसर्स साहब राम कन्सट्रक्शन कम्पनी 53 ए पाकेट डी एस0एफ0एस0 फ्लेट मयूर विहार फेज–III दिल्ली। | 398.76 | (-) 23.26% | 306.01 | L-1 |
| 2. | मैसर्स श्री कृष्णा कॉन्ट्रैक्टर, 1080, सिद्धेश्वर रोड, गुलशन विहार कालोनी, खुर्जा। | 398.76 | (-) 18.11% | 326.54 | L-2 |
| 3. | मैसर्स पुण्ड्रीकाक्ष डेवलपर्स् प्रा0लि0, ए–5, आक्रिती अपार्टमेन्ट, 37 सलेक चन्द कालोनी, न्यू गांधी नगर, गाजियाबाद। | 398.76 | (-) 15.30% | 337.75 | L-3 |
| 4. | मैसर्स नोवैक इन्फ्राटैक, 231–ए, सुजरू, मुजफ्फरनगर। | 398.76 | (-) 11.21% | 354.06 | L-4 |
| 5. | मैसर्स सुनील गर्ग एण्ड कं0, 150, ईस्ट मॉडल टाउन, गाजियाबाद। | 398.76 | 0.00% | 398.76 | L-5 |

जनपद बुलन्दशहर के सिकन्दराबाद नगर पालिका परिषद में 50 टी0पी0डी0 के म्यूनिसिपल सॉलिड वेस्ट प्लान्ट (सिविल कार्य) के निर्माण कार्य हेतु प्राप्त प्रथम न्यूनतम निविदादाता मैसर्स साहब राम कन्सट्रक्शन कम्पनी 53 ए पाकेट डी एस0एफ0एस0 फ्लेट मयूर विहार फेज–III दिल्ली की निविदा एवं निविदित लागत रू0 306.01 लाख (लेबर सैस सहित एवं जी0एस0टी रहित) सूचित की गयी है। अतः **मैसर्स साहब राम कन्सट्रक्शन कम्पनी,** 53 ए पाकेट डी एस0एफ0एस0 फ्लेट मयूर विहार फेज–III दिल्ली की दरें प्रथम न्यूनतम पायी गयी है।

प्रस्तुत तथ्यों पर सम्यक विचारोपरान्त प्रश्नगत कार्य हेतु प्रथम न्यूनतम निविदादाता **मैसर्स साहब राम कन्सट्रक्शन कम्पनी,** 53 ए पाकेट डी एस0एफ0एस0 फ्लेट मयूर विहार फेज–III दिल्ली द्वारा दी गयी दर (-) 23.26 प्रतिशत अर्थात् निविदित लागत रू0 306.01 लाख (लेबर सैस सहित एवं जी0एस0टी रहित) का प्रस्ताव समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी।

**(3) ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन योजना, 50 टी0पी0डी0, नगीना नगर पालिका परिषद, जनपद बिजनौर**

समिति को अवगत कराया गया कि योजना की तकनीकी स्वीकृति लागत रू0 501.87 लाख एवं निविदा लागत रू0 395.86 लाख है। योजना हेतु परियोजना प्रबन्धक यूनिट–16, सी0 एण्ड डी0एस0, उ0प्र0 जल निगम (नगरीय), बिजनौर की निविदा विज्ञप्ति सं0–764/ई–टेण्डर/35 दिनांक 03.12.2020 द्वारा आमंत्रित निविदा की तकनीकी बिड दिनॉक 24.12.2020 को खोली गईं। तकनीकी बिड के मूल्यांकन हेतु दिनांक 30.12. 2020 को सी0एण्ड डी0एस0 निविदा समिति की बैठक में निविदा में प्राप्त समस्त तीन प्रतिभागी निविदादाताओं की निविदा तकनीकी रूप से अर्ह पाये जाने के उपरान्त नियमानुसार कार्यवाही के उपरान्त अर्ह निविदाताओं की फाइनैन्सियल बिड दिनांक 01.01.2021 को खोली गई। जिसमें प्राप्त दरों का विवरण निम्नानुसार हैः–

| क्र0 सं0 | फर्म का नाम | निविदा की निर्धारित लागत (रू0 लाख में) | निविदादाताओं द्वारा दी गई प्रतिशत में दी गई दरें | निविदा की निविदित लागत (रू0 लाख में) | बिड रैंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **मैसर्स गुल अहमद कान्ट्रैक्टर,** ग्राम व पोस्ट उमरी, जनपद बिजनौर। | 395.86 | (-2.22%) | 387.07 | L-1 |
| 2 | **मैसर्स संजीव कुमार राणा**, म0न0–125, बी–3, जाटान, बिजनौर, जनपद–बिजनौर। | 395.86 | (-0.75%) | 392.89 | L-3 |
| 3 | **मैसर्स राज कन्सट्रक्शन एण्ड सप्लायर्स**, ग्राम व पोस्ट उमरी, जनपद बिजनौर। | 395.86 | (-1.55%) | 389.72 | L-2 |

जनपद बिजनौर के नगीना नगर पालिका परिषद में 50 टी0पी0डी0 के म्यूनिसिपल सॉलिड वेस्ट प्लान्ट (सिविल कार्य) के निर्माण कार्य हेतु प्राप्त प्रथम न्यूनतम निविदादाता **मैसर्स गुल अहमद कान्ट्रैक्टर,** ग्राम व पोस्ट उमरी, जनपद बिजनौर की निविदा एवं निविदित लागत रू0 387.07 लाख (लेबर सैस सहित एवं जी0एस0टी रहित) सूचित की गयी है। अतः **मैसर्स गुल अहमद कान्ट्रैक्टर,** ग्राम व पोस्ट उमरी, जनपद बिजनौर की दरें प्रथम न्यूनतम पायी गयी है।

प्रस्तुत तथ्यों पर सम्यक विचारोपरान्त प्रश्नगत कार्य हेतु प्रथम न्यूनतम निविदादाता **मैसर्स गुल अहमद कान्ट्रैक्टर,** ग्राम व पोस्ट उमरी, जनपद बिजनौर द्वारा दी गयी दर (-) 2.22 प्रतिशत अर्थात् निविदित लागत रू0 387.07 लाख (लेबर सैस सहित एवं जी0एस0टी रहित) का प्रस्ताव समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी।

## (4) ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन योजना, 50 टी0पी0डी0, गंगाघाट नगर पालिका परिषद, जनपद उन्नाव

